# गिट्स में वाइब्रेंस 2025 का समापन

## महोत्सव के दौरान राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया



गिट्स में वाइब्रेंस 2025 के समापन मौके पर उपस्थित अतिथि व स्टूडेन्टस।

■ कार्यक्रम के अंतिम दिन आईआईटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ

**उदयपुर,** । गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, में 19 से 22 मार्च तक आयोजित चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव वाइब्रेंस 2025 का समापन हुआ। इस महोत्सव के दौरान राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया साथ ही कल्चरल नाइट ने कार्यक्रम की शोभा बढाई।

संस्थान के निदेशक डॉ एस एम प्रसन्ना कुमार ने बताया कि वाइब्रेंस 2025 में विविध खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शतरंज,टेबल टेनिस और फुटबाल के साथ कल्चरल नाइट का आयोजन किया । कार्यक्रम के अंतिम दिन अपरान्ह में, आईआईटी द्वारा आयोजित एनपीटीईएल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । साथ ही, ऐकडेमिक टॉपर्स, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न हैकथॉन विजेताओं एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल्स और अवार्ड से सम्मानित किया । कल्चरल नाइट में डांस, संगीत, नाटक और फैशन शो जैसे रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। एम बी ए निदेशक डॉ पी के जैन ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा किएम बी ए निदेशक डॉ पी के जैन ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हर नया दिन एक नई शुरुआत है, अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें और आगे बढते रहें। संयोजक डॉ पारस कोठारी के अनुसार महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में फुटबालऔर टेबल टेनिस में गिट्स, क्रिकेट एवं बैडमिंटन सिंगल में पैसिफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर, बैडमिंटन (डबल) में पैसिफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर और सर पदमपत सिंघानिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर वंही वॉलीबाल में सर पदमपत सिंघानिया यूनिवर्सिटी,उदयपुर जीत हासिल करने में सफल रही। इस कार्यक्रम का प्रबंधन डॉ.अजय कुमार शर्मा, पीयूष शर्मा एवं खेल अधिकारी नेत्र पाल सिंह चौहान ने किया । इस अवसर पर वित्त नियंत्रक बी. एल. जागीड ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व विकास, प्रतिभा निखारने और नई क्षमताओं को उजागर करने का एक प्रभावी मंच भी साबित हुआ।

## नौ आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** । वाघपुरा थाना पुलिस ने आपसी रंजिश के चलते मारपीट कर युवक की हत्या करने के मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 19 मार्च कासे पीडित दौलतराम ने रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 17 मार्च को मेरा पोता रमजा उर्फ रणजीत पुत्र नरेश व मदन पुत्र नगरजी निवासी नेनबारा बाइक पर दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। जहां बीच रास्ते मं ललीत पुत्र शंकर उर्फ नाथु व उसके साथी शराब पी रहे थे। जिन्होंने मेरे पोते रंजु उर्फ रणजीत व मदन को रोक लठ्ठ सरिये से हमला कर दिया। घायल रणजीत की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में वाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में गठित दल ने नैनबारा के जंगलों में दबीश देकर आरोपी शंभु पुत्र रमेश, महेन्द्र पुत्र केशुलाल निवासी रिछावर वाघपुरा, तोलाराम पुत्र कमजी निवासी हिरातफला वाघपुरा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक, लठ्ठ, सरिये बरामद किए।

## सार-समाचार

### अधेड़ ने की आत्महत्या

**उदयपुर,** । बडगांव थाना क्षेत्र में अधेड़ ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानसिंह (48) पुत्र वाघसिंह देवडा निवासी देवडों का वरड़ा ने शनिवार को अपने मकान में फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे फंदे से निचे उतार एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

### निर्माण कार्य का निरीक्षण

**उदयपुर,** । जिला कलक्टर नमित मेहता ने राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत शहर में सिटी स्टेशन से कलक्टर निवास तक निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड़ कार्य का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर मेहता से सिटी रेलवे स्टेशन से उदियापोल के मध्य चल रहे एलिवेटेड रोड कार्य का निरीक्षण करते हुए मौके पर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। यूडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश भी मौजूद रहे। नगर निगम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मुकेश पुजारी ने एलिवेटेड रोड प्लान के माध्यम से कार्य की जानकारी दी।

### घायल महिला की मौत

**उदयपुर,** । गत दिनों सडक हादसे में घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों हुए सडक हादसे में घायल बैकरिया थाना क्षेत्र पिलका गांव के समीप बाइक ने राह चलते महिला पिलका केसीबाई (60) पत्नी मन्नाजी की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। केसींबाई घटनावाले दिन फोटों कॉपी करवाने के लिए घर से बैकरिया की तरफ जा रही थी। जहां बीच रास्ते में गलत दिशा से आए बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे की सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल विजेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंन दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### आर.ओ,इ.ओ की परीक्षा

**उदयपुर,** । रविवार को उदयपुर के 102 से सेंटर्स पर आरपीएससी की राजस्व अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में उदयपुर में 32038 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर सेंटर पर 4 सुरक्षा जवान तैनात थे। 8 फ्लाइंग टीम लगाई गई थी। दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा हुई। सेंटर पर एंट्री से पहले अभ्यर्थियों की सख्ती से जांच की गई। मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद एंट्री हुई।

## रक्तदान कर मनाया स्थापना दिवस

**उदयपुर,** । शहीद दिवस पर कुमकुम ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन करके स्थापना दिवस और शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की पुण्यतिथि मनाई । मनोहर सिंह चौहान ने बताया कि इस अवसर पर 113 यूनिट रक्तदान किया । कार्यक्रम का प्रबंधन देव यादव, जयंत कुमावत, जालम सिंह ने किया । रक्तदान के लिए महाराणा भूपाल हॉस्पिटल से प्रमोद सिंह व उनकी टीम ने सहयोग किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में भगवान सिंह, विक्रम , आकाश आदि ने की मुख्य भूमिका निभाई। शिविर में रक्तदाताओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया । कुमकुम ग्रुप ऑफ एजुकेशन से जुडे छात्रों ने स्थापना दिवस मनाया । आगामी 12 मई को नर्सेज दिवस पर फिर से रक्तदान शिविर लगा कर नर्सेज दिवस मनाएगा।

## कार से 54 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद

**उदयपुर,** । केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो राजस्थान की टीम ने चित्तोडगढ के समीप बस्सी टोल के पास मारुति स्विफ्ट कार से 54.250 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर दो जनो को गिरफ्तार किया है ।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान के उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा नरेश बुन्देल, के नेतृत्व में राजस्थान में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा सेल और चित्तौडगढ सेल के अधिकारियों नेकोटा-चित्तौडगढ राजमार्ग,पर बस्सी टोल के पास एक मारुति स्विफ्ट कार को रोका और 54.250 किलोग्राम वजन वाले कुल 3 बैग अवैध डोडा चूरा बरामद किया ओर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । जानकारी के अनुसार सी.बी.एन.को एक गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान के पंजीकरण वाली मारुति स्विफ्ट कार में दो व्यक्ति बेगू क्षेत्र से अवैध डोडा चूरा लेकर किशनगढ क्षेत्र में पहुंचाने वाले हैं स इस सूचना पर सीबीएन कोटा सेल और चित्तौडगढ सेल के अधिकारियों द्वारा संदिग्ध मार्ग पर निगरानी रखी और बलवंत नगर चैराहे पर वाहन की पहचान की गई। टीम ने वाहन को रोकने की कोशिश की,लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और वाहन को हाईवे पर भगा दिया। दोनों टीमों ने वाहन का पीछा किया और बस्सी टोल, चित्तौडगढ के पास संदिग्ध कार को रोक लिया इसके बाद उक्त कार की तलाशी ली गई जिसमें कुल 3 बैग अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसका वजन 54.250 किलोग्राम था । । । कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद बरामद अवैध डोडा चूरा और वाहन को जब्त कर लिया गया है ।

## अश्लील हरकत करने का आरोपी डिटेन

■ 22 मार्च को आरोपी ने मेरी पांच वर्ष की बच्ची के साथ अश्लील हरकतें

**उदयपुर** । पांच वर्षीय बच्ची के साथ अश्लीलता करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने विधी से संघर्षरत बाल अपचारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 22 मार्च को आरोपी ने मेरी पांच वर्ष की बच्ची के साथ अश्लील हरकतें की। बच्ची ने इसका विरोध कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी को सौंपी। पुलिस ने आरोपी को विधी से संघर्षरत बाल अपचारी को डिटेन किया है।

## दिव्यांगों के साथ खेला क्रिकेट

**उदयपुर,** । दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में उदयपुर में चल रहे दिव्य कला मेले का रविवार को प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अवलोकन किया। मंत्री गहलोत रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे नगर निगम टाउनहॉल परिसर में दिव्य कला मेले में पहुंचे। एनडीएफडीसी के अतिरिक्त महाप्रबंधक राकेश अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने मेले में देश भर से आए दिव्यांगजनों की ओर से लगाई गई स्टाल्स का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों से संवाद कर उनका हौंसला बढ़ाया। साथ ही स्टाल्स से कपड़े आदि भी खरीदे। मेला समन्वयक मनोज साहू ने बताया कि गहलोत ने एक लाभार्थी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण भी किया। मेले के अवलोकन के लिए पहुंचे मंत्री गहलोत ने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित हो रही खेल गतिविधियों में भी भाग लिया।

## जबरन शराब पार्टी में शामिल होने का बनाया दबाव

**उदयपुर,** । जिले के सीएचसी में बीती देर रात चिकित्सको ने शराब पार्टी की एवं इस दौरान एक चिकित्सक को जबरन शराब पिलाने के प्रयास भी किया और उसे घसीटते हुए उसके कपडे भी फाड दिए,मामले की पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाई गई है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) कानोड में बीती देर रात शराब के नशे एक डॉक्टर ने दूसरे डॉक्टर को जबरन शराब पार्टी में बैठने का दबाव बनाया। नहीं बैठने पर जबरन डॉक्टर को कई देर तक घसीटा और उनके कपडे फाड दिए। जिससे उन्हें चोट लगी है। पीडित डॉ. राजेश करणपुरिया ने इस संबंध में डॉ सुरेन्द्र बिजारणिया और अकाउंटेंट राजेन्द्र शर्मा के खिलाफ कानोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीडित चिकित्सक ने आरोप रिपोर्ट में बताया कि डॉ. सुरेन्द्र शनिवार रात नाइट ड्यूटी पर थे। तभी रात करीब 11 बजे डॉ सुरेन्द्र उनके हॉस्पिटल स्थित सरकारी आवास पर आए। बार बार बैल बजाकर उनका गेट खुलवाया। फिर खुद के साथ शराब पार्टी में बैठने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर जबरन उन्हें गाली - गलौज करते हुए कच्ची रोड पर घसीटा। जिससे उनके चोट लग गई। बीसीएमओ डॉ.संकेत जैन ने बताया कि रात में ही मुझे ये मामला ध्यान आया तो मैंने सीएचसी प्रभारी डॉ.पवन जाट से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि डॉ.सुरेन्द्र ड्यूटी पर नहीं है और ना ही अपने क्वाटर में है। ड्यूटी पर गैर हाजिर रहने पर उन्हें नोटिस दिया है। साथ ही उनके खिलाफ डॉ. राजेश ने जो शिकायत दी है उसको लेकर सीएमएचओ ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच करके रिपोर्ट सीएमएचओ को दी जाएगी। हल्ला सुन कर पहुंचे ग्रामीणों ने डॉक्टरों के बीच इस तरह का विवाद देखकर इसका वीडियो बना लिया और उच्चाधिकारियों को शिकायत कर दी।

## ‘निराश्रित पशुओं को बासी खाना खाने से बचाएं’

**उदयपुर,** । पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि राजस्थान की सभ्यता एवं संस्कृति में शीतला सप्तमी एवं अष्टमी का पर्व सनातन काल से मनाया जा रहा है। शीतला सप्तमी एवं अष्टमी को एक दिन पहले की शाम को बने हुए पकवान जिसमें अक्षर, पूडी एवं चावल की मात्रा ज्यादा होती है अतिरिक्त बचा हुआ खाना जिसे दूसरे दिन एक धार्मिक स्थल पर सभीरख दिया जाता है। निराश्रित जानवर (अधिकतर सांड और गाय) अत्यधिक मात्रा में बासी खाना खा लेते है इसके कारण से एसिडोसिस नामक रोग होने की संभावना अत्यधिक रहती है तथा एक्यूट आफरा रोग से जानवरो की मुत्यु हो जाने की संभावना भी प्रबल रहती है। प्रायः इस तरह की समस्याओं में देखा जाता है कि जब तक पशु चिकित्सक पशु के पास ईलाज के लिए पहुंचता है तब तक उसकी स्थिति बहुत गंभीर हो जाती है तथा पशु कुछ ही समय में दम तोड़ देता है।

## नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला पथ संचलन

■ पथ संचलन शहर के लक्ष्मण मैदान से प्रारंभ होकर तहसील चौराहे से होकर गेपसागर की पाल, सोनिया चौक होते हुए माणक चौक पहुंचा

**डूंगरपुर।** संघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने एवं नूतन वर्ष के उपलक्ष में जिले का गुणवत्ता युक्त शारीरिक प्रदर्शन एवं पथसंचलन शहर में निकाला गया।

पथ संचलन शहर के लक्ष्मण मैदान से प्रारंभ होकर तहसील चौराहे से होकर गेपसागर की पाल, महारावल स्कूल मार्ग, पुराना अस्पताल, कंसारा चौक, सोनिया चौक होते हुए माणक चौक पहुंचा। जिसके बाद संचलन दर्जी वाडा होते हुए कानेरा पोल, मोची बाजार होकर पुराना अस्पताल से होकर पुनः गेपसागर की पाल होते हुए लक्ष्मण मैदान पहुंचा।

संचलन में स्वयंसेवकों के कदम से कदम मिलते देख शहरवासी एक तक स्तब्ध होकर देखते रहे, वही शहरवासी ओर स्वयंसेवी संस्थानों द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों पर पुष्वर्षा कर स्वागत किया। संचलन के पुनः लक्ष्मण मैदान पहुंचने पर गुणवत्ता शारीरिक प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें लसूडिया धाम महंत विक्रम दास महाराज मुख्य अतिथि रहें। मुख्य अतिथि के साथ ही बांसवाड़ा विभाग के विभाग संघचालक, डूंगरपुर जिला संचालक के साथ ही अतिरिक्त मुख्य वक्ता आनंदजी भाई साहब ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

वही स्वयंसेवकों ने सर्व प्रथम ध्वजारोहण एवं संघ प्रार्थना के बाद नियुद्ध, दंड युद्ध, क्रमिका, सामूहिक समता का शारीरिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नगर सहित जिले के सनातन समाज के नागरिकों की उपस्थिति रही।

## कंडक्टर की ह्दयाघात से मौत

**उदयपुर,** । शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में बस कंडक्टर की ह्दयाघात से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को प्रतापनगर निवासी देवेन्द्रसिंह पुत्र मोहनसिंह चारण की ह्दयाघात से मौत हो गई। देवेन्द्रसिंह रोड़वेज बस का कंडक्टर था एवं रविवार को गोवर्धन विलास ट्रांसपोर्ट नगर काम से आया था। जहां उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया।जहां उसकी मौत हो गई।

## नकदी व छत्र चोरी

**उदयपुर** । विद्यालय का ताला तोड कर नकदी व छत्र चुराने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायरा स्थित विद्यानिकेत विद्यालय के प्रधानाचार्य भीण्डर निवासी त्रिभुवन लाल पुत्र भगवतीलाल व्यास ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 9 मार्च को अज्ञात चोर विद्यालय का ताला तोड़ कर चांदी के छत्र तथा 15 हजार रूपये नकदी चुरा ले गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## अरविंद सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि



अरविंद सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि अर्पित करते मंत्रीगण।

**उदयपुर,** ।राजस्थान की प्रमुख हस्तियों ने रविवार को श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने शंभू निवास पहुंचकर अरविंद सिंह मेवाड की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके सुपुत्र डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। दिया कुमारी ने कहा कि अरविंद सिंह से हमारे परिवार का बहुत पुराना रिश्ता रहा है।

उनकी कमी हम सबको महसूस होगी। श्रीजी का टूरिज्म और हेरिटेज में बहुत बडा योगदान रहा है। इसके साथ ही रविवार को भारत 24 के सीईओ और एडिटर इन चीफ डॉक्टर जगदीश चंद्र,भजन गायक प्रकाश माली, कांग्रेस नेता अशोक चांदना,बालेंदु सिंह, दिलीप सिंह सिसोदिया ने श्रीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।


## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पानरवा ब्लॉक-झाडोल जिला:उदयपुर

दिनांक:-22/03/2025

### निविदा-सूचना

सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी पानरवा जिला उदयपुर पर 2024-25 में इस कार्यालय के पानरवा चिकित्सा संस्थान पर **24x7** साफ सफाई व्यवस्था करने हेतु अधिकतम 12000/- प्रतिमाह की दर से में अनुभवी सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा (तकनिकी व वित्तिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.03.2025 से 01.04.2025 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी व तथा 01.04.2025 को 1.00 बजे प्राप्त की जाकर उसी दिन को दोपहर 03.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदाताओं/ अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अवधि | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **24x7** साफ सफाई व्यवस्था | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 3,60,000/- | 7200/- | 200/- |
| 2. | मुख्य मंत्री दवा योजना में कम्प्युटर आपरेटर | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 1,53,756/- | 3075/- | 200/- |
| 3. | आयुष्मान भारत योजना में कम्प्युटर आपरेटर | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 1,02,000/- | 2040/- | 200/- |

**शर्ते :-**

1. धरोहर राशि बैंकर्स चेक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी,पानरवा के नाम से देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार समिति का रहेगा।

सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र - पानरवा



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मादडी ब्लॉक-झाडोल जिला:उदयपुर

दिनांक:-22/03/2025

### निविदा-सूचना

सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी मादड़ी जिला उदयपुर पर 2024-25 में इस कार्यालय के मादडी चिकित्सा संस्थान पर **24x7** साफ सफाई व्यवस्था करने हेतु अधिकतम 12000/- प्रतिमाह की दर से में अनुभवी सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा (तकनिकी व वित्तिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.03.2025 से 01.04.2025 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी व तथा 01.04.2025 को 1.00 बजे प्राप्त की जाकर उसी दिन को दोपहर 03.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदाताओं/ अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अवधि | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **24x7** साफ सफाई व्यवस्था | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 3,60,000/- | 7200/- | 200/- |
| 2. | मुख्य मंत्री दवा योजना में कम्प्युटर आपरेटर | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 1,53,756/- | 3075/- | 200/- |
| 3. | आयुष्मान भारत योजना में कम्प्युटर आपरेटर | वित्तिय वर्ष 2024-25 | 1,02,000/- | 2040/- | 200/- |

**शर्ते :-**

1. धरोहर राशि बैंकर्स चेक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, मादड़ी के नाम से देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार समिति का रहेगा।

सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र - मादड़ी